क्यू.एस. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग

चर्चा में क्यों?

हाल ही में क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग (QS World University Rankings) लिस्ट जारी की गई जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे (Indian Institute of Technology-IIT Bombay) ने **152वाँ** स्थान हासिल किया है और लगातार दूसरे वर्ष भारत का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बना हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (Massachusetts Institute of Technology- MIT) ने लगातार आठवें वर्ष क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में **शीर्ष** स्थान प्राप्त किया है।
- IIT बॉम्बे के अलावा दो अन्य भारतीय विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (Indian Institute of Technology-IIT Delhi) और भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलूरू (Indian Institute of Science, IISc Bengaluru) ने विश्व स्तर के 200 प्रमुख संस्थानों की सूची में जगह बनाई है। ये दोनों संस्थान क्रमशः **182वें** तथा **184वें** स्थान पर हैं।
- शीर्ष 500 में शामिल विश्वविद्यालयों में अन्य भारतीय संस्थान इस प्रकार हैं-

संस्थान	**क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग**
IIT-मद्रास	271
IIT-खड़गपुर	281
IIT- कानपुर	291
IIT- रुड़की	383
दिल्ली विश्वविद्यालय	474
IIT- गुवाहाटी	491

- वैश्विक स्तर पर शीर्ष 1,000 शैक्षणिक संस्थानों की सूची में कुल 23 भारतीय संस्थान शामिल हैं। इसमें अधिकांश सरकार द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालय तथा पाँच निजी वित्तपोषित विश्वविद्यालय भी हैं।
- मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (Manipal Academy of Higher Education) की रैंकिंग 701-750 के बीच है, जो इस सूची में देश का शीर्ष निजी विश्वविद्यालय है।
- निजी संस्थानों के संदर्भ में शिक्षक-छात्र अनुपात, अंतर्राष्ट्रीय संकाय और छात्र आबादी जैसे मानक तय किये गए थे जिनके आधार पर इन्होने शीर्ष सूची में स्थान प्राप्त किया है।

QS World University Rankings

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग

- QS एक ऐसा वैश्विक मंच है जो महत्वाकांक्षी पेशेवरों को उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करने हेतु एक प्रमुख वैश्विक कैरियर और शिक्षा नेटवर्क प्रदान करता है।
- QS संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर तुलनात्मक डेटा संग्रह और विश्लेषण के तरीकों को विकसित करता है और उनकी स्थिति को सुनिश्चित करता है।
- QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय रैंकिंग का प्रकाशन करता है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/qs-world-university-rankings